Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779






# मानसून से पहले पंजाब सरकार अलर्ट: बाढ़ सुरक्षा पर 414.75 करोड़ रुपये खर्च, संवेदनशील क्षेत्रों में 24 घंटे निगरानी के निर्देश



चंडीगढ़, 4 जुलाई:पंजाब सरकार ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्यभर में दूध की मिलावट पर प्रभावी रोक लगाने और लोगों को शुद्ध एवं सुरक्षित दूध उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'शुद्ध दूध, तंदुरुस्त पंजाब' अभियान को और मजबूत किया है। इस अभियान के तहत सरकार ने एक समर्पित टोल-फ्री हेल्पलाइन 1800-180-2202 शुरू की है तथा दूध की गुणवत्ता से जुड़ी शिकायतों और मार्गदर्शन के लिए राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी की नियुक्ति भी की है। सरकार का उद्देश्य उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की रक्षा करने के साथ-साथ ईमानदार डेयरी किसानों के हितों को सुरक्षित रखना है।

पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य पालन मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि डेयरी विकास विभाग ने 1 अप्रैल 2026 से अब तक राज्यभर में आयोजित 160 विशेष शिविरों के दौरान लगभग 6,000 दूध के नमूनों की जांच की है। इन शिविरों के माध्यम से दूध की गुणवत्ता की निगरानी लगातार की जा रही है ताकि मिलावट करने वालों के खिलाफ समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने कहा कि दूध की जांच की सुविधा लोगों के घरों और गांवों तक पहुंचाने के लिए राज्य में चार मोबाइल प्रयोगशाला वैन पहले से संचालित की जा रही हैं, जबकि पांच नई मोबाइल लैब वैन जल्द ही बेड़े में शामिल की जाएंगी। इसके अलावा पंजाब के सभी जिलों में जिला उपनिदेशक (डेयरी विकास) कार्यालयों में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक नियमित रूप से दूध की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, जहां नागरिक अपने दूध के नमूने परीक्षण के लिए निःशुल्क जमा करा सकते हैं।

राज्य सरकार ने गुरु अंगद देव वेटरिनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी, लुधियाना के सहयोग से दूध की त्वरित जांच के लिए आधुनिक पोर्टेबल टेस्टिंग किट भी उपलब्ध कराई हैं। विभाग ने 5,000 पोर्टेबल मिल्क एडुल्टरेशन डिटेक्शन किट जिला डेयरी विकास कार्यालयों तथा 500 किट पशुपालन विभाग के वेटरिनरी पॉलीक्लीनिकों और जागरूकता शिविरों में वितरित की हैं। इन किटों की सहायता से मौके पर ही दूध में फैट, एसएनएफ (सॉलिड्स-नॉट-फैट), प्रोटीन की मात्रा के साथ-साथ यूरिया, स्टार्च और हाइड्रोजन पेरॉक्साइड सहित छह सामान्य मिलावटी तत्वों की जांच की जा सकती है। इससे जांच प्रक्रिया तेज हुई है, केंद्रीय प्रयोगशालाओं पर निर्भरता कम हुई है और मिलावट करने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई संभव हो रही है।

गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि मिलावटी दूध न केवल उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है, बल्कि इससे ईमानदार डेयरी किसानों की आय पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मोबाइल प्रयोगशालाओं, आधुनिक जांच किटों और टोल-फ्री हेल्पलाइन के माध्यम से दूध की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की व्यापक व्यवस्था की है ताकि उत्पादन से लेकर उपभोक्ता तक हर स्तर पर गुणवत्ता बनी रहे।

पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य पालन विभाग के प्रधान सचिव राहुल भंडारी ने बताया कि अब राज्य के सभी जिला उपनिदेशक (डेयरी विकास) कार्यालयों में नागरिक निःशुल्क दूध की जांच करा सकते हैं। किसी भी प्रकार की जानकारी या शिकायत के लिए राज्य नोडल अधिकारी मनदीप सिंह से 98784-41386 तथा 0172-5027285 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अमृतसर में 25 किलो हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, सीमा पार नेटवर्क से जुड़े तार

चंडीगढ़/अमृतसर, 7 जुलाई:मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर पंजाब को नशा-मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पंजाब पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने एक संगठित अंतरराज्यीय एवं सीमा पार नशा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 25 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपये कीमत आंकी जा रही है।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भूपिंदर सिंह निवासी गांव जंडौर (जिला होशियारपुर), रवि कुमार निवासी कृपाल कॉलोनी, दसूहा (होशियारपुर) तथा विशाल सिंह निवासी फतेहपुर (अमृतसर) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई सीआई अमृतसर द्वारा एक दिन पहले 13 किलो हेरोइन के साथ तीन अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के बाद की गई है, जिससे लगातार दूसरे दिन पुलिस ने नशा तस्करी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है।




डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सीमा पार बैठे एक तस्कर के संपर्क में थे और उसके निर्देशों पर विभिन्न स्थानों से हेरोइन की खेप प्राप्त कर पंजाब के अलग-अलग जिलों में सप्लाई कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि भूपिंदर सिंह और रवि कुमार, अमृतसर के गांव गिल स्थित मेहता रोड पर अपने साथी विशाल सिंह से हेरोइन की बड़ी खेप लेने पहुंचने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीमों ने तत्काल नाकाबंदी कर दाना मंडी, गांव गिल के पास तीनों आरोपियों को घेरकर गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान पुलिस ने विशाल सिंह के कब्जे से 8 किलो हेरोइन, जबकि भूपिंदर सिंह और रवि कुमार के कब्जे से 17 किलो हेरोइन बरामद की। इस प्रकार कुल 25 किलो हेरोइन जब्त की गई। पुलिस ने आरोपियों की कार भी कब्जे में लेकर जांच के लिए जब्त कर ली है।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों के आगे और पीछे के सभी संपर्कों को खंगाला जा रहा है। जांच का मुख्य उद्देश्य पूरे तस्करी नेटवर्क, वित्तीय लेन-देन, सीमा पार मौजूद संचालकों तथा स्थानीय सहयोगियों की पहचान कर पूरे सप्लाई चेन का पर्दाफाश करना है।

## घड़ूआं के अल्फा चंडीगढ़ हॉस्पिटल में आधुनिक डायलिसिस सेंटर शुरू



चंडीगढ़ हॉस्पिटल में आधुनिक डायलिसिस सेंटर का शुभारंभ किया गया, जिससे खरड़, घड़ूआं और आसपास के क्षेत्रों के किडनी मरीजों को अब डायलिसिस के लिए मोहाली या चंडीगढ़ नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल के सीईओ डॉ. सिद्धार्थ दुग्गल ने बताया कि वर्ष 2023 से संचालित अस्पताल में इंटरनल मेडिसिन, गायनी, पीडियाट्रिक्स, ऑर्थोपेडिक्स, यूरोलॉजी, ईएनटी, जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, डेंटल, नेत्र रोग, फिजियोथेरेपी, रेडियोलॉजी और डायग्नोस्टिक सहित अनेक विशेषज्ञ सेवाएं किफायती दरों पर उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि वाइटस केयर के सहयोग से शुरू किए गए इस तीन-बेड डायलिसिस सेंटर में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और सस्ती डायलिसिस सुविधा मिलेगी। अस्पताल प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत एम्पैनल्ड है तथा कई बीमा कंपनियों से भी जुड़ा है।

## कर्मचारी यूनियनों की मांगों पर पंजाब सरकार सक्रिय, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने की अहम बैठकें



चंडीगढ़, 7 जुलाई 2026: पंजाब सरकार ने विभिन्न कर्मचारी यूनियनों की मांगों के समाधान की दिशा में पहल तेज करते हुए वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में कई अहम बैठकें आयोजित कीं। बैठकों में 3704 अध्यापक यूनियन, ईटीटी 2364, ईटीटी टेट पास और 10 वर्ष सेवा पूरी कर चुके कच्चे अध्यापकों की यूनियनों के प्रतिनिधियों से वेतन निर्धारण, स्थानांतरण और नियमितीकरण जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

वित्त मंत्री ने संबंधित विभागों को वैध मांगों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इसके अलावा मेडिकल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के साथ बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रम जल्द शुरू करने की मांग पर भी विचार किया गया। चीमा ने जमीनी स्तर पर उनकी सेवाओं की सराहना करते हुए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रशिक्षण प्रक्रिया में तेजी लाने का भरोसा दिया।

## चंडीगढ़ के बेटे दिव्यांशु मल्होत्रा ने बढ़ाया शहर का मान, 'अब होगा हिसाब 2' से फिर बटोरी सुर्खियां




चंडीगढ़, 7 जुलाई 2026: चंडीगढ़ से गहरा नाता रखने वाले युवा फिल्मकार दिव्यांशु मल्होत्रा एक बार फिर अपनी निर्देशन क्षमता को लेकर चर्चा में हैं। उनकी बहुप्रशंसित क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज़ 'अब होगा हिसाब' का दूसरा सीज़न 3 जुलाई को रिलीज़ हो चुका है और दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया प्राप्त कर रहा है। इसी सिलसिले में दिव्यांशु हाल ही में चंडीगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी नई पेशकश के साथ-साथ शहर और पंजाब से अपने गहरे भावनात्मक जुड़ाव को भी साझा किया।

पहले सीज़न को पंजाब की पृष्ठभूमि, अवैध प्रवासन, बदले की भावना, पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक यथार्थ को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने के लिए दर्शकों और समीक्षकों ने खूब सराहा था। अब दूसरे सीज़न में कहानी को और अधिक रोमांच, भावनात्मक गहराई तथा बड़े स्तर पर पेश किया गया है।

दिव्यांशु ने बताया कि भले ही उनका जन्म दिल्ली में हुआ हो, लेकिन उनका परिवार मूल रूप से पटियाला का है। बचपन की अधिकांश यादें पंजाब से जुड़ी हैं और हर छुट्टियों में वे अपने पुश्तैनी शहर जाया करते थे। उन्होंने कहा कि स्नातक की पढ़ाई के लिए जब वे चंडीगढ़ आए और पंजाब यूनिवर्सिटी में अध्ययन किया, तब इस शहर ने उनकी सोच, व्यक्तित्व और रचनात्मक दृष्टि को नई दिशा दी। उनके अनुसार, एक कहानीकार के रूप में उनकी पहचान बनाने में चंडीगढ़ की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है।

उन्हें खुशी है कि उनकी इस सोच को पूरा समर्थन मिला। स्क्रिप्ट पढ़ते समय उन्हें अपने बचपन की गलियां, बाजार और परिवार के साथ बिताए पल याद आने लगे। उनके अनुसार, इस वेब सीरीज़ की शूटिंग उनके लिए केवल एक पेशेवर प्रोजेक्ट नहीं थी, बल्कि अपनी मिट्टी और जड़ों से दोबारा जुड़ने का भावनात्मक अवसर भी थी। दिव्यांशु ने बताया कि अपने घर के पास स्थित अस्पताल में शूटिंग करना और पड़ोसियों व रिश्तेदारों का यह कहना कि "अपना मुंडा शूट कर रहा है", उनके जीवन के सबसे यादगार अनुभवों में से एक रहा। उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद ऐसा लगा जैसे उनकी जन्मभूमि और कर्मभूमि ने उन्हें फिर से अपनाया हो। पिछले कुछ वर्षों में दिव्यांशु मल्होत्रा ने डिजिटल मनोरंजन जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है।



herbegy™

Think pure think herbal

# PREMIUM SPICES RANGE

## Pure Spice. Rich Flavour.




## PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

**For Dealer Inquiry Contact:**

**727-515-0015**


Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.